# चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांकः 03.09.2024
पत्रांक

## प्रेस विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में संचालित चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग में एम0 फार्मा सत्र (2024–25) में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फार्मा सेक्टर में छात्रों के बढ़ते रूझान एवं औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए एम0 फार्मा पाठ्यक्रम शाखा फार्मास्यूटिक्स (15 सीट) एवं फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री (15 सीट) में शुरू किया गया है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेब साईट https://exams.ccsuforms.in/Reg_BPharma/default.php पर जाकर **दिनांक** 04.09.2024 **से** 15.09. 2024 **तक** अपना पंजीकरण करा सकते है तथा जिन विद्यार्थियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण नहीं की हैं ऐसे सभी विद्यार्थी पंजीकरण हेतु आवश्यक सूचना भरकर अपना पंजीकरण पूर्ण कर सकते है। यदि किसी विद्यार्थी के द्वारा पंजीकरण शुल्क जमा करके रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है तो वह प्रवेश के लिए मान्य नहीं होंगे। सभी छात्र–छात्राऐं जब भी रजिस्ट्रेशन कराऐं उसमें अपना मोबाइल नंबर और ईमेल सही डालें क्योंकि प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी उन्हें उसी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पर मिलेगी। अभ्यर्थी पंजीकरण फार्म अपनी लॉगइन आई0डी0 से डाउनलोड करें और आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ फार्मेसी विभाग में प्रवेश **के समय** जमा करायें।

एम0 फार्मा से संबधित जानकारी के लिए छात्र फार्मेसी विभाग में आकर संपर्क कर सकते हैं।

प्रो0 शैलेन्द्र शर्मा
प्रोफेसर इंचार्ज/निदेशक,
चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ